

THINK **INTEGRITY** BUILD **TRUST**

# SGS सत्यनिष्ठा संहिता

SGS.COM


SGS

# विषय-वस्तु


मंडल के अध्यक्ष और CEO का संदेश 5
SGS सत्यनिष्ठा संस्कृति 6
SGS सत्यनिष्ठा संहिता का कार्यान्वयन 7
SGS सत्यनिष्ठा संहिता के नियम 8

**व्यवसाय का संचालन करना 9**

सेवाओं में सत्यनिष्ठा 9
आपूर्तिकर्ता और व्यावसायिक भागीदार 9
हितों का टकराव 10
उपहार, मनोरंजन और आतिथ्य 11
स्वच्छ प्रतिस्पर्धा 11
दान और प्रायोजकता 11

**संपत्ति का संरक्षण करना 13**

व्यावसायिक संपत्ति और संसाधन 13
व्यावसायिक रिकॉर्ड में सत्यनिष्ठा 13
बाहरी संचार 14

**सम्मान के साथ काम करना 15**

श्रमिक संबंध 15
धमकाना और उत्पीड़न 15
कोई भेदभाव नहीं 15
डेटा की गोपनीयता 15
स्वास्थ्य, सुरक्षा और वातावरण 16

**कानूनों का पालन करना 17**

कानूनों का अनुपालन 17
भ्रष्टाचार विरोधी 17
आतंरिक सौदेबाजी 17
प्रतिबंध और व्यापार नियंत्रण 18
मनी लॉन्ड्रिंग और आपराधिक एवं आतंकवादी गतिविधियों को धन मुहैया कराना 18


SGS

# मंडल के अध्यक्ष और CEO का संदेश

प्रिय साथियों,

**सत्यनिष्ठा, SGS व्यवसाय का मूलमंत्र है। हम अपने ग्राहकों और हितधारकों में जो विश्वास पैदा करते हैं, वही एक संगठन और व्यक्ति के रूप में हमारी सफलता की कुंजी है।**

अपने उद्योग के अग्रणी रूप में, हम अपने सभी व्यावसायिक परिचालनों में उच्चतम पेशेवर मानकों और सत्यनिष्ठा का पालन करते हैं।

हमारी सत्यनिष्ठा संहिता हमारे कार्यों की नींव है और उन मूल सिद्धांतों की प्रतीक है जो SGS, इसके विभिन्न व्यवसायों और सहयोगियों में साझा रूप से पाए जाते हैं। यह संहिता जटिल परिस्थितियों से निपटने में हम सभी की मदद करने के लिए निर्णय लेने में एक मार्गदर्शक के रूप में काम करती है।

हम SGS ब्रांड और उसकी प्रतिष्ठा के संरक्षक हैं और बाज़ार परिवेश में उनके द्वारा दर्शाए गए सिद्धांतों की रक्षा करने के लिए लगातार प्रयास करते हैं। इसके लिए हम एक-दूसरे से, अपने ग्राहकों से और अपने भागीदारों के साथ बातचीत में ईमानदारी और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इस प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, हम एक खुली संस्कृति को बढ़ावा देते हैं जिसमें हम विचारों और जानकारी का आदान-प्रदान कर सकते हैं, सलाह ले सकते हैं और अपनी शंकाएं बता सकते हैं बिना इस डर के कि कोई बदले की कार्रवाई करेगा।

SGS सत्यनिष्ठा संहिता की मदद से हम अपने कार्यों को SGS सिद्धांतों के अनुरूप बना पाते हैं। साथ मिलकर, हम सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों को बनाए रख सकते हैं और एक बेहतर, सुरक्षित और अधिक परस्पर संबद्ध विश्व को सक्षम कर सकते हैं।



**Calvin Grieder**
Chair of the Board of Directors



**Géraldine Picaud**
Chief Executive Officer

# SGS सत्यनिष्ठा संस्कृति

## नैतिक सिद्धांत

### विश्वास

विश्वास हमारी सबसे मूल्यवान संपत्ति है, हमारे ब्रांड और प्रतिष्ठा की नींव है। ग्राहक और तीसरे पक्ष हमारी सत्यनिष्ठा पर विश्वास करते हैं और विश्वास को हर दिन पोषित करने और सुरक्षित रखने की आवश्यकता होती है। ये एक पल में टूट सकता है।

### ईमानदारी और पारदर्शिता

हम जो कुछ भी करते हैं, उसमें हमें स्वयं के प्रति, अपने सहकर्मियों, ग्राहकों और हितधारकों के प्रति सच्चा होना चाहिए। कोई भी परिस्थिति झूठ, धोखे या ईमानदारी की कमी को उचित नहीं ठहरा सकती।

### जवाबदेही

हमारे प्रत्येक कर्म और गलती के परिणाम होते हैं।

हम अपने चुने गए फैसलों के परिणामों को स्वीकार करते हैं और अपने कर्मों के लिए दूसरों को दोष नहीं देते हैं।

### निष्पक्षता

हम न्यायसंगतता और बिना किसी पक्षपात के नैतिक रूप से काम करने में विश्वास रखते हैं। हमारे निर्णय, हमारे सिद्धांतों और अच्छे व्यवहार के मानकों को सम्मान देते हुए निर्देशित होते हैं, न कि मनमाने ढंग से चुनाव करते हुए या निजी प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए।

## अपने आपसे सही प्रश्न पूछें

जब आपको किसी कार्रवाई के किसी विशेष तरीके के बारे में संदेह हो, तो अपने आप से निम्न प्रश्न पूछें:

- क्या मुझे संदेह है कि कार्रवाई का तरीका अवैध या अनैतिक हो सकता है?
- यदि इस कार्रवाई के तरीके की सूचना मीडिया में दी जाती या यदि मैं अपने परिवार और दोस्तों के साथ इस पर चर्चा करता तो यह कैसा दिखता?
- क्या प्रस्तावित कार्रवाई के तरीके में झूठ बोलना या असत्य की तरफ होना शामिल है?
- क्या प्रस्तावित कार्रवाई का तरीका दूसरों की व्यक्तिगत सुरक्षा, कुशलता या स्वास्थ्य को खतरे में डाल सकता है?
- क्या प्रस्तावित कार्रवाई के तरीके से SGS या उसकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच सकता है?
- क्या लेन-देन का कोई वैध व्यावसायिक उद्देश्य है?

यदि कार्रवाई का प्रस्तावित तरीका इनमें से किसी भी प्रश्न पर विफल रहता है, तो आपको मार्गदर्शन लेना चाहिए और अपने निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए।



# SGS सत्यनिष्ठा संहिता का कार्यान्वयन

## संहिता पर विश्वास रखें

SGS की सफलता उस विश्वास पर टिकी है जो उसने ग्राहकों, कर्मचारियों, शेयरधारकों और उन समुदायों के अन्य हितधारकों से समय के साथ-साथ अर्जित किया है जिनके साथ वह व्यवसाय करती है। SGS इस सत्यनिष्ठा संहिता के प्रभावी कार्यान्वयन के माध्यम से इस विश्वास को बनाए रखने पर ध्यान देती है।

## संहिता को लाइव करें

यह संहिता SGS SA और इसकी संबद्ध कंपनियों के सभी कर्मचारियों, अधिकारियों और निदेशकों पर लागू होती है।

SGS की ओर से काम करने वाले या उसका प्रतिनिधित्व करने वाले तीसरे पक्षों को संहिता के सभी पहलुओं का पालन करना होगा, जिसमें वह स्थान भी शामिल है जहां SGS और उसके कर्मचारियों का संदर्भ आता हो।

## संहिता को समझें

संहिता को पढ़ना और समझना और इसके सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध होना प्रत्येक SGS कर्मचारी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। कर्मचारियों को समय-समय पर होने वाले सत्यनिष्ठा प्रशिक्षण में भाग लेना जरूरी है। जो कर्मचारी प्रबंधन वाले पदों पर हैं उन्हें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि सभी प्रत्यक्ष रिपोर्टों को उचित रूप से सिखाया गया है, प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की सामग्री को पूरी तरह से समझाया गया है और वे संहिता का अनुपालन करने और उसे लागू करने में सक्षम हैं।

## संहिता लागू करें

सत्यनिष्ठा संहिता, SGS SA के निदेशक मंडल द्वारा स्वीकृत है, जो इसके कार्यान्वयन की देखरेख किसी अन्य पर्यवेक्षी निकाय के साथ करता है जिसे वह नियुक्त कर सकता है।

SGS समूह का मुख्य अनुपालन अधिकारी, SGS समूह की व्यापक अनुपालन रणनीतियों को निर्धारित करता है और बिजनेस एथिक्स फ़ंक्शन का पर्यवेक्षण करता है जो अनुपालन विशेषज्ञों के नेटवर्क के माध्यम से SGS सत्यनिष्ठा प्रोग्राम का प्रबंधन करता है।

यह संहिता मई 2024 से प्रभावी होगी और 2012 के पिछले संस्करण की जगह लेगी।

SGS की सहयोगी संस्थाएं इस संहिता के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में अधिक विस्तृत या प्रतिबंधात्मक नीतियां अपना सकती हैं।

जो कर्मचारी प्रबंधन वाले पदों पर हैं उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके पर्यवेक्षण के अंतर्गत आने वाले कर्मचारी सत्यनिष्ठा के साथ काम करें और संहिता का अनुपालन करें।

## संहिता पर मार्गदर्शन प्राप्त करें

SGS एक ऐसी संस्कृति के लिए प्रतिबद्ध है जहां सत्यनिष्ठा और पेशेवर नैतिकता के मुद्दों को उठाया जा सकता है और उन पर खुले तौर पर चर्चा की जा सकती है। कर्मचारी, इस संहिता को समझ सकें और यदि कभी उनको नैतिक दुविधाओं का सामना करना पड़े तो उन्हें सही निर्णय लेने में मदद मिले, इसके लिए मार्गदर्शन और सहायता उपलब्ध है। जो कर्मचारी प्रबंधन वाले पदों पर हैं उनसे यह अपेक्षा की जाती है कि जो भी व्यक्ति मार्गदर्शन चाहता है या जिसके मन में कोई शंका है, उसके प्रति वे जवाबदेह हों, उसकी बात को वे गंभीरता से लें और उनके साथ विश्वासपूर्वक व्यवहार करें।

जब संहिता के अर्थ या विशिष्ट परिस्थितियों में इसको लागू करने के बारे में संदेह हो, तो SGS कर्मचारियों को SGS इंटीग्रिटी हेल्पलाइन का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जो प्रश्न पूछने और कई भाषाओं में मार्गदर्शन प्राप्त के कई विकल्प प्रदान करती है और यह सब अज्ञात तरीके से किया जा सकता है।

## संहिता के नियमों का पालन करें

संहिता का कोई भी उल्लंघन, चाहे वह कितना भी छोटा क्यों न हो, SGS की प्रतिष्ठा और ब्रांड को नुकसान पहुंचा सकता है, और इसलिए इसे बर्दाश्त नहीं किया जाता है। संहिता के उल्लंघन के परिणामस्वरूप अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें गंभीर उल्लंघन किए जाने पर नौकरी से भी निकाला जा सकता है और आपराधिक मुकदमा चलाया जा सकता है।

## संहिता के उल्लंघन की रिपोर्ट करें

SGS कर्मचारियों और तीसरे पक्षों को SGS इंटीग्रिटी हेल्पलाइन का उपयोग करके संहिता के किसी भी संदिग्ध या ज्ञात उल्लंघन के बारे में आवाज उठाने और उसकी रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। यह एक सुरक्षित मंच है जो कई भाषाओं में रिपोर्ट दर्ज करने के लिए विभिन्न विकल्प प्रदान करता है। रिपोर्ट गुमनाम रूप से दर्ज की जा सकती है।

दी गई कोई भी जानकारी सुरक्षित रूप से संग्रहीत की जाती है और उसका उपयोग अत्यंत गोपनीयता के साथ किया जाता है।

प्रबंधन के पदों पर काम करने वाले जिन कर्मचारियों को संहिता के संदिग्ध या ज्ञात उल्लंघनों की रिपोर्ट की जाती है, उन्हें लागू SGS समूह नीतियों के अनुसार इन रिपोर्टों को आगे की कार्रवाई के लिए आगे भेजना चाहिए।

## कोई बदले की कार्रवाई नहीं

नेकनीयती के साथ सलाह मांगने, शंकाओं को उठाने और संहिता के उल्लंघन की रिपोर्ट करने पर SGS, कर्मचारियों की किसी भी प्रकार की बदले की कार्रवाई या प्रतिकूल परिणामों से रक्षा करता है। नेकनीयती के साथ संहिता के उल्लंघन की रिपोर्ट करने वाले SGS कर्मचारी के खिलाफ बदले की कार्रवाई सख्त वर्जित है और इसके परिणामस्वरूप अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

प्रश्न पूछने, मार्गदर्शन प्राप्त करने, शंका व्यक्त करने या सत्यनिष्ठा उल्लंघन की रिपोर्ट करने के लिए कृपया यहां जाएं: http://integrityhelpline.sgs.com।

# SGS सत्यनिष्ठा संहिता के नियम



# वयवसाय का संचालन करना

## सेवाओं में सत्यनिष्ठा

### सेवा वतिरण

सभी SGS सेवाएं, लागू SGS समूह की नीतियों, मानकों और पद्धतियों के अनुसार पेशेवर तरीके से और ईमानदारी से संचालति की जानी चाहिए।

SGS अपने नरि्णय की स्वतंत्रता को बनाए रखता है और नषि्कर्षों को गलत तरीके से पेश करने या अपनी जांच, प्रमाणन, ऑडिट या परीक्षण के परणिामों को बदलने के दबाव के सामने आत्मसमर्पण नहीं करता है। सभी नषि्कर्षों का पर्याप्त रूप से दस्तावेजीकरण कयिा जाना चाहिए और कोई भी असत्य या भ्रामक रपिोर्ट या प्रमाण पत्र जारी नहीं कयिा जाना चाहिए।

### प्रक्रयिा में सत्यनिष्ठा

SGS द्वारा नष्पिादति सेवाओं से संबंधति सभी दस्तावेज, कागजी और डजिटिल दोनों रूपों में, लागू SGS समूह नीतियों के अनुसार पूरण और सटीक, अनुरक्षति और संग्रहीत होने चाहिए। ऐसे दस्तावेजों में कोई संशोधन करने, परविर्तन करने, उसमें कुछ जोड़ने और कुछ हटाने सहति कसिी भी कारण से उनके एक्सेस की रपिोर्ट, लागू SGS समूह नीतियों के अनुसार दर्ज की जानी चाहिए।

### सेवा वशिेषज्ञता

SGS की मुख्य क्षमताओं में अपनी सेवाओं को सफलतापूर्वक नष्पिादति करने और ग्राहकों तथा हतिधारकों को लाभ प्रदान करने के लिए आवश्यक कौशल, ज्ञान और योग्यताएं शामलि हैं। SGS कर्मचारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी योग्यता के संबंध में ईमानदार और पारदर्शी हों। योग्यता और साख की गलत प्रस्तुति या धोखाधड़ी या अन्य छलपूर्ण तरीकों से उनका अधग्रिहण, अनैतकि और कपटपूर्ण माना जाता है और सख्त वर्जति है।

## आपूर्तकिर्ता और व्यावसायकि भागीदार

### सावधानीपूर्ण चयन प्रक्रयिा

SGS का लक्ष्य आपूर्तकिर्ताओं और व्यावसायकि भागीदारों के साथ दीर्घकालकि साझेदारी को सुरक्षति करना है जो आपसी वशि्वास पर बनी हो।

SGS साझा कॉर्पोरेट मूल्यों और लंबे समय के स्थरि उद्देश्यों के आधार पर आपूर्तकिर्ताओं और व्यावसायकि भागीदारों का चयन करता है। SGS यह सुनशि्चति करने के लिए आपूर्तकिर्ताओं और व्यावसायकि भागीदारों पर नज़र रखता है कि व्यवसाय सत्यनिष्ठा से संचालति हो।

### वस्तुओं और सेवाओं की खरीद

आपूर्तकिर्ताओं से वस्तुओं और सेवाओं की खरीद या व्यावसायकि भागीदारों के चयन के लिए जम्मिेदार SGS कर्मचारियों को आपूर्तकिर्ता या व्यावसायकि भागीदार की गुणवत्ता और प्रतष्ठिा को ध्यान में रखते हुए लाभप्रद संतुलन हासलि करने के एकमात्र उद्देश्य से ऐसा करना चाहिए।

SGS नजिी प्राथमकिता के आधार पर आपूर्तकिर्ताओं या व्यावसायकि भागीदारों को अनुबंध नहीं देता है।

SGS को वस्तुएं या सेवाएं देने की इच्छा रखने वाले आपूर्तकिर्ता, व्यावसायकि भागीदार या इकाई से अपने लिए या कसिी तीसरे पक्ष के लिए कसिी भी प्रकार के लाभ की मांग करना सख्त वर्जति है।

### स्वीकृति देने की प्रक्रयिा

आपूर्तकिर्ताओं और व्यावसायकि भागीदारों की सहभागति के लिए लागू SGS समूह नीतियों के अनुसार अनुमोदन की आवश्यकता होती है।



# हितों का टकराव

## सामान्य सिद्धांत

हितों का टकराव तब उत्पन्न होता है जब SGS कर्मचारी के व्यक्तिगत हित या किसी करीबी रिश्तेदार या करीबी दोस्त के हित, कर्मचारी के निर्णय, निष्पक्षता, स्वतंत्रता या SGS के प्रति विफादारी में हस्तक्षेप कर सकते हों।

SGS कर्मचारी के करीबी रिश्तेदार को पति या पत्नी, बच्चे, पोते-पोती, माता-पिता, दादा-दादी, भाई-बहन, साला या साली, दामाद या पुत्रवधु, चाचा, चाची, भतीजी, भतीजा और कर्मचारी के साथ रहने वाले किसी भी व्यक्ति के रूप में परिभाषित किया गया है।

कर्मचारियों को तुरंत अपने प्रबंधकों को ऐसे सभी संभावित हितों के टकराव की लिखित में जानकारी देनी चाहिए और जब तक वे संभावित हितों के टकराव से प्रभावित हों, तब तक उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया से दूर रहना चाहिए।

## कुछ स्थितियों के लिए विशिष्ट अनिवार्यताएं

कर्मचारियों को हितों के टकराव की स्थिति या उसके उत्पन्न होने से बचने के लिए विशिष्ट अनिवार्यताओं पर विचार करना चाहिए। इसमें कुछ मामलों में सख्त निषेध या अन्य मामलों में लागू SGS समूह नीतियों के अनुसार पूर्व स्वीकृति शामिल है।

## सेवा में निष्पक्षता

SGS कर्मचारियों का किसी मौजूदा या संभावित SGS ग्राहक को उन सेवाओं के प्रावधान में किसी भी तरह से भाग लेना वर्जित है, जिसमें उनकी या उनके किसी करीबी रिश्तेदार की महत्वपूर्ण शेयरधारिता या अन्य वित्तीय हित हैं, या वे उसके खरीद, प्रबंधन या निदेशक पद पर हैं।

## वस्तुओं और सेवाओं की खरीद

जानबूझकर किसी ऐसे आपूर्तिकर्ता या व्यावसायिक भागीदार से वस्तुएं खरीदना या उसकी सेवाएं लेना, जिसमें SGS कर्मचारी या उनके किसी करीबी रिश्तेदार की प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से महत्वपूर्ण शेयरधारिता या अन्य वित्तीय हित हों, तब तक वर्जित है, जब तक कि संभावित टकराव की जानकारी प्रभावित कर्मचारी के लाइन मैनेजर को न दी गई हो और प्रभावित कर्मचारी खरीद प्रक्रिया में भाग न लेता हो। उस आपूर्तिकर्ता या व्यावसायिक भागीदार का चयन करने की प्रक्रिया में SGS कर्मचारियों का भाग लेना वर्जित है जहां वे या उनका कोई करीबी रिश्तेदार बिक्री, प्रबंधन या निदेशक पद पर हो।

## करीबी रिश्तेदारों की भर्ती करना

SGS कर्मचारी के किसी करीबी रिश्तेदार की भर्ती करने के लिए लागू SGS समूह नीतियों के अनुसार पूर्व स्वीकृति की आवश्यकता होती है। SGS कर्मचारियों का किसी करीबी रिश्तेदार की नियुक्ति प्रक्रिया में भाग लेना, उसको सुपरवाइज़ करना या उस पर कोई प्रभाव डालना वर्जित है, साथ ही किसी करीबी रिश्तेदार की पदोन्नति या मुआवजे जैसी रोजगार संबंधी शर्तों को सुपरवाइज़ करना, उनको मैनेज करना या उन पर कोई प्रभाव डालना भी वर्जित है।

SGS कर्मचारी SGS में निकले नौकरी के पदों के लिए करीबी रिश्तेदारों का नाम दे सकते हैं, लेकिन उनके लिए उम्मीदवारों के साथ कोई भी आंतरिक जानकारी साझा करना वर्जित है।

## SGS के बाहर निदेशक पद

SGS के बाहर किसी कंपनी के निदेशक मंडल में कार्य करने के लिए किसी पेशेवर या व्यापार संघ या किसी अन्य इकाई को लागू SGS समूह नीतियों के अनुसार पूर्व स्वीकृति की आवश्यकता होती है।

## राजनीतिक पद

किसी भी स्तर पर राजनीतिक पद ग्रहण करने के लिए लागू SGS समूह नीतियों के अनुसार पूर्व स्वीकृति की आवश्यकता होती है।

## SGS के बाहर काम करना

स्व-रोजगार और कोई अतिरिक्त व्यवसाय करने सहित SGS के बाहर दूसरी नौकरी या रोजगार करने के लिए लागू SGS समूह नीतियों के अनुसार पूर्व स्वीकृति की आवश्यकता होती है। हालांकि, किसी ऐसे SGS ग्राहक के लिए काम करना जिसे कर्मचारी ने अपनी SGS की नौकरी के दौरान सेवाएं प्रदान की हैं, किसी SGS आपूर्तिकर्ता या व्यावसायिक भागीदार के लिए काम करना, किसी SGS प्रतियोगी के लिए काम करना, SGS के साथ प्रतिस्पर्धा करना और किसी SGS ग्राहक या संभावित ग्राहक को किसी भी प्रकार की पेशेवर या परामर्श सेवाएं देना या उनमें भाग लेना वर्जित हैं।

## बाहरी निवेश

किसी SGS ग्राहक, आपूर्तिकर्ता, व्यावसायिक भागीदार या प्रतिस्पर्धी की संस्था में निजी रूप से निवेश करना वर्जित है, यदि वो स्टॉक एक्सचेंज पर सार्वजनिक रूप से की गई शेयर ट्रेडिंग के अंतर्गत न आता हो।



# उपहार, मनोरंजन और आतिथ्य

## सामान्य सिद्धांत

ऐसे किसी भी प्रकार के उपहार, मनोरंजन या आतिथ्य से बचना चाहिए जो SGS की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा सकते है या व्यावसायिक निर्णयों पर अनुचित प्रभाव डाल सकते है या अनुचित प्रभाव की संभावना तैयार कर सकते है।

## SGS कर्मचारियों के लिए कोई उपहार नीति नहीं

SGS कर्मचारियों के लिए मौजूदा या संभावित ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं और व्यावसायिक भागीदारों से किसी भी प्रकार का उपहार, नकद, टिप या ऋण स्वीकार करना वर्जित है। एकमात्र अपवाद बहुत कम कीमत की प्रचारक ब्रांडेड वस्तुएं जैसे कैलेंडर, पेन और नोटपैड, साथ ही भोजन और पेय जैसी खराब होने वाली वस्तुएं हैं। खराब होने वाली वस्तुओं को स्थानीय नीतियों के अनुसार SGS से संबद्ध कर्मचारियों के बीच साझा और वितरित किया जाना चाहिए। यदि प्राप्त उपहार को कोई आपराधिक तरीका अपनाए बिना वापस नहीं किया जा सकता है, तो स्थानीय नीतियों के अनुसार इसके निपटारे का एक उपयुक्त तरीका चुना जाना चाहिए, उदाहरण के लिए, किसी धर्मार्थ संस्था को दान देना।

## SGS कर्मचारियों को मनोरंजन और आतिथ्य की पेशकश करना

SGS कर्मचारियों के लिए उस स्थिति में मनोरंजन या आतिथ्य स्वीकार करना वर्जित है जब ऐसा प्रस्ताव SGS द्वारा दी गई सेवाओं के संबंध में किया जाता है या मौजूदा या संभावित आपूर्तिकर्ताओं और व्यावसायिक भागीदारों द्वारा खरीद प्रक्रिया या आपूर्तिकर्ताओं या व्यावसायिक भागीदारों के चयन में शामिल SGS कर्मचारियों को दिया जाता है।

SGS कर्मचारियों को मौजूदा या संभावित ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं और व्यावसायिक भागीदारों द्वारा ऑफर किए गए सभी मनोरंजन और आतिथ्य के बारे में पहले से और लागू SGS समूह नीतियों के अनुसार बताना होगा।

यदि परिस्थितियां पहले से बताने की अनुमति नहीं देती हैं, तो मनोरंजन या आतिथ्य प्राप्त होने के तुरंत बाद उनके बारे में बताया जाना चाहिए।

## SGS द्वारा तीसरे पक्षों को दिए जाने वाले उपहार और आतिथ्य

SGS कर्मचारियों को बहुत कम कीमत की प्रचारक SGS ब्रांडेड वस्तुएं जैसे कैलेंडर, पेन और नोटपैड, साथ ही भोजन और पेय जैसी खराब होने वाली वस्तुओं के अलावा तीसरे पक्ष को किसी भी प्रकार का उपहार, नकद, टिप या ऋण देना वर्जित है, दी जाने वाली वस्तुओं की कीमत भी प्रति प्राप्तकर्ता और प्रति कैलेंडर वर्ष CHF 100 से अधिक नहीं होनी चाहिए। किसी भी अपवाद के लिए लागू SGS समूह नीतियों के अनुसार पूर्व स्वीकृति की आवश्यकता होती है।

व्यवसाय के संबंध में भोजन पर किए गए खर्च को छोड़कर, तीसरे पक्ष की यात्रा, आवास या किसी भी आतिथ्य पर हुए खर्च के भुगतान के लिए लागू SGS समूह की नीतियों के अनुसार पूर्व स्वीकृति की आवश्यकता होती है।

# स्वच्छ प्रतिस्पर्धा

SGS प्रतिस्पर्धी और निष्पक्ष बाजार प्रथाओं का उपयोग करके व्यवसाय संचालित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

SGS कर्मचारियों के लिए बाजार की स्थितियों को अनुचित तरीके से प्रभावित करना या अनुचित बाजार लाभ प्राप्त करने के लिए तीसरे पक्ष के साथ किसी भी प्रकार की मिलीभगत में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भाग लेना वर्जित है।

SGS कर्मचारियों को मूल्य निर्धारण, अनुबंध की शर्तों, बाजार आवंटन, क्षेत्रों या ग्राहकों के विभाजन के संबंध में प्रतिस्पर्धियों के साथ होने वाली चर्चा में शामिल नहीं होना चाहिए।

SGS अपनी सेवाओं और क्षमताओं की मार्केटिंग कपटपूर्ण या भ्रामक तरीके से नहीं करता, न ही यह प्रतिस्पर्धियों के संबंध में अपमानजनक या झूठे आरोप लगाती है।

SGS अवैध या अनैतिक तरीकों का उपयोग करके प्रतिस्पर्धियों की गोपनीय जानकारी प्राप्त नहीं करती है।

# दान और प्रायोजकता

## कोई राजनीतिक या धार्मिक दान नहीं

जिस भी देश में SGS अपना कारोबार चलाती हैं, उस देश में होने वाली राजनीतिक प्रक्रिया में वह अपनी तटस्थ भूमिका की सख्त नीति पर कायम रहती है। SGS किसी भी राजनीतिक दल, निर्वाचित अधिकारी, सार्वजनिक पद के उम्मीदवार, राजनीतिक अभियानों या धार्मिक संगठनों का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से न तो समर्थन करती है और न ही उन्हें धन या संसाधनों की मदद देती है।

## धर्मार्थ दान और प्रायोजकता

धर्मार्थ संगठनों को SGS द्वारा दान, गैर-लाभकारी समुदाय-आधारित कार्यक्रमों में SGS द्वारा प्रत्यक्ष योगदान और SGS का प्रचार करने हेतु प्रायोजकता के लिए, लागू SGS समूह नीतियों के अनुसार पूर्व स्वीकृति की आवश्यकता होती है।

धर्मार्थ दान, गैर-लाभकारी कार्यक्रमों और प्रायोजकता में प्रत्यक्ष योगदान को उस स्थिति में मंजूरी नहीं दी जाती है जिसमें उनका इरादा किसी व्यक्ति, SGS या अन्य तीसरे पक्षों को अनुचित लाभ देने के लिए तीसरे पक्षों को प्रभावित करने का है या ऐसा प्रतीत होता है।


SGS
SIOEN

# संपत्ति का संरक्षण करना

## व्यावसायिक संपत्ति और संसाधन

### कंपनी की संपत्तियों और निधियों की सुरक्षा करें

SGS कर्मचारियों का कर्तव्य है कि वे SGS और तीसरे पक्ष की संपत्तियों, संसाधनों और निधियों की सुरक्षा करें और उनका उपयोग अनुचित तरीके से या किसी भी प्रकार के निजी फायदे के लिए न करें।

### IT संसाधनों का उपयोग

कंपनी के कंप्यूटर, नेटवर्क सिस्टम और इलेक्ट्रॉनिक संचार उपकरणों का उपयोग लागू SGS समूह नीतियों के अनुसार केवल व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए किया जाना चाहिए।

दुरुपयोग का संदेह होने पर SGS द्वारा ई-मेल, इंटरनेट और इलेक्ट्रॉनिक संचार के अन्य तरीकों के उपयोग की निगरानी और ऑडिट किया जा सकता है।

### गोपनीयता

SGS, व्यवसाय की अवधि में SGS कर्मचारियों, ग्राहकों और तीसरे पक्षों द्वारा प्रदान की गई गोपनीय जानकारी का सम्मान और सुरक्षा करती है और उसके आकस्मिक प्रकटीकरण को रोकने के लिए उचित उपाय करती है।

किसी भी कर्मचारी को गोपनीय जानकारी तक पहुंच की मांग नहीं करनी चाहिए, जब तक कि वह किसी वैध व्यावसायिक उद्देश्य से न मांगी गई हो।

कर्मचारियों को SGS जानकारी की गोपनीयता बनाए रखनी चाहिए और SGS, उसके व्यवसाय, वित्तीय प्रदर्शन, निवेश, रणनीतियों और ग्राहकों के संबंध में किसी भी संवेदनशील जानकारी का प्रकटीकरण या चर्चा नहीं करनी चाहिए। यह दायित्व रोजगार संबंध की समाप्ति के बाद भी जारी रहता है।

### बौद्धिक संपदा

SGS अपनी बौद्धिक संपदा की रक्षा करती है और दूसरों की बौद्धिक संपदा का सम्मान करती है।

SGS की बौद्धिक संपदा कई रूप में हो सकती है, जिसमें प्रक्रियाएं, डिजाइन, पद्धतियां, संचालन प्रक्रियाएं, वाणिज्यिक और विपणन रणनीतियां, ग्राहक जानकारी, मूल्य निर्धारण और लागत मॉडल शामिल हैं।

SGS की बौद्धिक संपदा प्रतिस्पर्धात्मक लाभ पैदा करने में केंद्रीय भूमिका निभाती है और इसे प्रकटीकरण और दुरुपयोग से संरक्षित किया जाना चाहिए।

### निजी सुरक्षा

SGS परिसर और भवनों में सभी SGS कर्मचारियों, मेहमानों और अन्य हितधारकों के लिए एक सुरक्षित कार्य वातावरण होना चाहिए।

प्रबंधकों को सुरक्षा जोखिमों का आकलन करने के लिए सभी उचित कदम उठाने चाहिए और उसके अनुसार कार्य योजना बनानी चाहिए।

## व्यावसायिक रिकॉर्ड में सत्यनिष्ठा

### सही, अचूक और पूर्ण रिकॉर्ड

SGS व्यवसाय और वित्तीय रिकॉर्ड, कागजी और डिजिटल दोनों रूप में, पूर्ण, सही, अचूक और निष्पक्ष होने चाहिए।

सभी जानकारी और लेनदेनों को लागू कानूनों और SGS समूह की नीतियों के अनुसार समय पर दर्ज और संग्रहीत किया जाना चाहिए।

कुछ कार्य जो SGS कर्मचारियों के लिए वर्जित हैं वे निम्न हैं:

- व्यवसाय या वित्तीय रिकॉर्ड को झूठा ठहराना या गलत तरीके से प्रस्तुत करना

SGS समूह की नीतियों, प्रक्रियाओं या लागू कानून का उल्लंघन करके व्यावसायिक रिकॉर्ड को बदलना या नष्ट करना

- लक्ष्यों या टार्गेट को पूरा करने के लिए बिक्री के आंकड़ों को गलत तरीके से प्रस्तुत करना या बदलना
- यात्रा या अन्य खर्चों से संबंधित झूठे या बढ़े हुए खर्च के दावे सबमिट करना
- काम और ओवरटाइम की झूठी या समय को बढ़ाकर भरी गई टाइमशीट सबमिट करना



# बाहरी संचार

## पूरण एवं अचूक जानकारी

SGS अपने शेयरधारकों और नविशकों, बाजार और समुदाय को अपने व्यवसाय और गतविधियों के संबंध में पूरण, अचूक और पारदर्शी जानकारी प्रदान करने के लिए कानूनी रूप से बाध्य है। SGS, इसके व्यवसाय और इसके वत्तिीय प्रदरशन के बारे में शेयरधारकों, नविशकों, मीडिया और जनता से संवाद केवल अधकृत व्यक्तयों द्वारा ही कयिा जाना चाहिए।

## जानकारी का प्रकटीकरण

SGS ब्रांड और प्रतष्ठिा की रक्षा के लिए, कर्मचारियों को नम्निलखिति मानकों का पालन करना आवश्यक है:

कोई भी कर्मचारी SGS की ओर से बात नहीं करेगा, मीडयिा, वत्तिीय वशि्लेषकों या वर्तमान या संभावति नविशकों के साथ SGS के बारे में कसिी भी जानकारी पर चर्चा या उसका प्रकटीकरण नहीं करेगा, या SGS की ओर से कोई सार्वजनकि बयान जारी नहीं करेगा जब तक कि ऐसा करने के लिए उसे अधकृत न कयिा गया हो

धर्म, राजनीति या कसिी भी संवेदनशील वषिय के संबंध में नजिी राय SGS के लेटरहेड, ई-मेल या कसिी अन्य संदर्भ में व्यक्त नहीं की जा सकती है जहां ऐसी राय या सामग्री का संबंध SGS से जोड़ा जा सके

ऑनलाइन चर्चा के मंच और सोशल मीडयिा में भाग लेते समय, SGS कर्मचारियों को संहति और लागू SGS समूह नीतियों का पालन करना होगा



# सम्मान के साथ काम करना

## श्रमिक संबंध

SGS एक ऐसा कार्यस्थल बनाने के लिए समर्पित है जो अपने सभी कर्मचारियों के मानवाधिकारों और रोजगार अधिकारों का सम्मान करता है और उन देशों के श्रमिक विनियमों और कानूनों को बनाए रखता है जहां वह संचालित होती है।

### न्यायसंगत श्रम गतिविधि

SGS ऐसी किसी भी प्रकार की श्रम गतिविधि का संचालन नहीं करती है जिसमें लोगों को उनकी इच्छा के विरुद्ध काम करना पड़ता हो या उन्हें उनकी गरिमा से वंचित करती हो।

SGS में बाल मजदूरी और बंधुआ मजदूरी सख्त वर्जित है।
SGS उन आपूर्तिकर्ताओं या व्यावसायिक भागीदारों की सेवाओं का उपयोग नहीं करती है जो बाल मजदूरी और बंधुआ मजदूरी करवाते हैं।

SGS उन देशों में तय की गई न्यूनतम मजदूरी का सम्मान करती है जहां वह संचालित होती है और स्थानीय कानून तथा मजदूरी और उनके विकास के संबंध में बाध्यकारी सामूहिक सौदेबाजी समझौतों द्वारा निर्धारित सभी अनिवार्य आवश्यकताओं का अनुपालन करती है।

### एसोसिएशन की स्वतंत्रता

SGS अपने कर्मचारियों द्वारा ट्रेड यूनियन बनाने और उसमें शामिल होने और सामूहिक रूप से सौदेबाजी करने के अधिकार को मान्यता देती है।

ऐसी स्थितियों में जहां एसोसिएशन की स्वतंत्रता या सामूहिक सौदेबाजी का अधिकार कानून के तहत प्रतिबंधित है, वहां SGS स्वतंत्र और मुक्त एसोसिएशन और सौदेबाजी के समानांतर साधनों की सुविधा प्रदान करती है।

## धमकाना और उत्पीड़न

SGS कर्मचारियों को सभी व्यक्तियों के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करना चाहिए। धमकाना, उत्पीड़न या किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार सख्त वर्जित है।

धमकाना और उत्पीड़न, शारीरिक हिंसा, यौन या मानसिक शोषण के रूप में हो सकता है।

SGS कर्मचारियों को कभी भी ऐसे कृत्यों या व्यवहार में शामिल नहीं होना चाहिए जिससे किसी अन्य व्यक्ति को खतरा या असुरक्षा महसूस हो।

यौन संबंधों के लिए दबाव डालना या फुसलाना, यौन संबंधों के लिए अनुरोध, अनुचित शारीरिक संपर्क और यौन प्रकृति के अन्य मौखिक या शारीरिक उत्पीड़न या अन्यथा को बर्दाश्त नहीं किया जाता है।

## कोई भेदभाव नहीं

SGS एक विविध और समावेशी कार्यस्थल बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है जिसमें सभी कर्मचारियों से गरिमापूर्ण और सम्मान के साथ व्यवहार किया जाता है। सभी SGS कर्मचारियों के कार्य से संबंधित कौशल, योग्यता, व्यवहार और प्रदर्शन के अनुसार ही उनके साथ बर्ताव किया जाना चाहिए और उनका मूल्यांकन किया जाना चाहिए।

SGS में रोजगार संबंध के सभी पहलुओं का आधार जाति, रंग, जातीयता, सामाजिक स्थिति, लिंग, जेंडर, यौन अभिविन्यास, वैवाहिक स्थिति, पारिवारिक स्थिति, आयु, विकलांगता, चिकित्सा स्थिति, धर्म, राष्ट्रीयता, राजनीतिक संबद्धता या संघ सदस्यता की परवाह किए बिना समान अवसर के सिद्धांत पर तय किया जाता है। भेदभाव को सहन नहीं किया जाता है।

## डेटा की गोपनीयता

### व्यक्तिगत डेटा का सम्मान करें

SGS अत्यंत सम्मान और सावधानी के साथ और लागू SGS समूह नीतियों के अनुसार SGS कर्मचारियों, ग्राहकों और तीसरे पक्षों के व्यक्तिगत डेटा को इकट्ठा, प्रबंधित और संसाधित करती है।

SGS यह सुनिश्चित करती है कि डेटा से संबंधित व्यक्ति को उनके अधिकारों के बारे में सूचित किया जाए।

### व्यक्तिगत डेटा सुरक्षित रखें

व्यक्तिगत डेटा को केवल वैध कानूनी और व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए और डेटा से संबंधित व्यक्ति से पूर्व स्पष्ट सहमति के साथ ही एक्सेस, संसाधित, उपयोग और साझा किया जाना चाहिए। व्यक्तिगत डेटा को केवल तब तक ही रखा जाना चाहिए जब तक आवश्यक हो और सुरक्षित रूप से संग्रहीत और निपटारा किया जाना चाहिए।



# स्वास्थ्य, सुरक्षा और वातावरण

SGS सभी SGS कर्मचारियों, मेहमानों और अन्य हितधारकों के साथ-साथ भौतिक संपत्तियों और पर्यावरण को किसी भी कार्य-संबंधी दुर्घटना, जोखिम और किसी भी प्रकार की क्षति से पूरी तरह से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## स्वास्थ्य और सुरक्षा

चोट और काम के कारण होने वाली बीमारी के जोखिम को रोकने के लिए, SGS कर्मचारियों से निम्नलिखित न्यूनतम आवश्यकताओं का अनुपालन करने की अपेक्षा की जाती है:

- स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करने वाले जागरूक और जिम्मेदार निर्णय लेने के लिए कामकाज के सुरक्षित तरीकों और उचित मार्गदर्शन का पालन करें
- सभी कार्य संबंधी कर्तव्यों को इस तरीके से निष्पादित करें जिससे व्यक्तिगत स्वास्थ्य व सुरक्षा और कार्यस्थल में अन्य सभी लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके
- साथी कर्मचारियों को सुरक्षित और स्वस्थ कार्य वातावरण बनाने और बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करें
- SGS समूह की नीतियों और संबंधित कानूनों के अनुसार किसी भी कार्य-संबंधी दुर्घटना या प्रदूषण की घटना की रिपोर्ट करें और उसे रिकॉर्ड करें

किसी दुर्घटना या प्रदूषण की घटना की रिपोर्ट करने पर किसी भी कर्मचारी को दंडित नहीं किया जाएगा।

## पर्यावरण

SGS कर्मचारियों को SGS के परिसरों के साथ-साथ SGS के ग्राहकों के परिसरों में पर्यावरण-अनुकूल तरीके से कार्य करके और सभी लागू पर्यावरणीय कानून आवश्यकताओं का पालन करते हुए और उन्हें पूरा करके पर्यावरण की सुरक्षा और उसकी बेहतरी को बढ़ावा देने में योगदान करना चाहिए।



# कानूनों का पालन करना

## कानूनों का अनुपालन

SGS उन देशों के लागू कानूनों का अनुपालन करती है जहां यह संचालित होती है। वह कानून जटिल हो सकता है जो SGS की गतिविधियों के विभिन्न पहलुओं को कवर करता है। कर्मचारियों को उन नियमों को जानना आवश्यक है जो उनके दैनिक कार्य पर लागू होते हैं। कानून की अज्ञानता कोई बहाना नहीं है।

जब यह संहिता या SGS समूह की नीतियां, लागू कानूनों के अनिवार्य मानकों से भी अधिक कठोर मानक लागू करती हैं, तो कर्मचारियों को अधिक कठोर मानकों का पालन करना होगा।

कर्मचारियों को साक्ष्य छुपाने, दस्तावेज़ों को नष्ट करने, गुमराह करने या किसी भी कानूनी जांच में बाधा डालने का प्रयास नहीं करना चाहिए।

## भ्रष्टाचार विरोधी

SGS किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार में न तो शामिल होती है, न ही उसे सहन करती है या उसकी अनदेखी करती है।

### सक्रिय भ्रष्टाचार

SGS कर्मचारियों को निम्न उद्देश्यों से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से वित्तीय लाभ या किसी अन्य लाभ का भुगतान, प्रस्ताव या वादा नहीं करना चाहिए अथवा भ्रष्ट आचरण में शामिल नहीं होना चाहिए:

- किसी तीसरे पक्ष के निर्णय को प्रभावित करने के लिए
- SGS या किसी तीसरे पक्ष की ओर से सौदा पक्का करने के लिए
- SGS, स्वयं या किसी तीसरे पक्ष के लिए अनुचित लाभ या फायदा पक्का करने के लिए

SGS कर्मचारियों को सरकारी अधिकारियों को पैसा देना वर्जित है।

सुविधा भुगतान वर्जित है और अधिकारियों द्वारा सुविधा भुगतान की मांग को अस्वीकार कर दिया जाना चाहिए।

### निष्क्रिय भ्रष्टाचार

SGS कर्मचारियों को निम्न उद्देश्यों से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी वित्तीय लाभ या किसी अन्य लाभ को स्वीकार नहीं करना चाहिए, उसका अनुरोध नहीं करना चाहिए या उसके लिए सहमत नहीं होना चाहिए अथवा भ्रष्ट आचरण में शामिल नहीं होना चाहिए:

SGS कर्मचारी के निर्णय को प्रभावित करने के लिए

SGS कर्मचारी को किसी तीसरे पक्ष के लिए अनुचित लाभ या फायदे को पक्का करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु

- निष्कर्षों को गलत तरीके से प्रस्तुत करने या जांच, प्रमाणन, ऑडिट या परीक्षण के परिणामों को बदलने के लिए

### भ्रष्टाचार की रिपोर्ट करना

कोई भी SGS कर्मचारी जिससे रिश्वत की मांग की जाती है या उसे नकद, टिप, ऋण, उपहार, मनोरंजन, आतिथ्य, प्रोत्साहन राशि, लाभ, फायदे, एहसान सहित किसी भी रूप में रिश्वत की पेशकश की जाती है या उसे दबाव, बल प्रयोग या धमकियां देकर काम करवाने की कोशिश की जाती है तो उसे तुरंत अपने लाइन मैनेजर और SGS इंटीग्रिटी हेल्पलाइन के माध्यम से मामले की रिपोर्ट करनी चाहिए।

किसी भी SGS कर्मचारी को रिश्वत देने या स्वीकार करने, लाभ का वादा करने, सुविधा भुगतान करने या भ्रष्ट आचरण में शामिल होने से इनकार करने के लिए दंडित नहीं किया जाएगा।

## आतंरिक सौदेबाजी

यदि SGS द्वारा किसी जानकारी का आधिकारिक तौर पर प्रकटीकरण नहीं किया गया है तो यह जानकारी गैर-सार्वजनिक है। इसके अलावा, SGS कभी-कभी ग्राहकों या तीसरे पक्षों के संबंध में महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी प्राप्त करती है।
आतंरिक जानकारी में आम तौर पर गैर-सार्वजनिक वित्तीय परिणाम, रणनीतिक योजनाओं का मसौदा, विलय और अधिग्रहण के प्रस्ताव, साथ ही वरिष्ठ प्रबंधन में नियोजित परिवर्तन शामिल होते हैं।

इस संबंध में:

- कर्मचारियों को SGS, उसके ग्राहकों या तीसरे पक्ष के संबंध में गैर-सार्वजनिक जानकारी के आधार पर किसी भी निजी निवेश या व्यावसायिक अवसर का लाभ नहीं उठाना चाहिए
- कर्मचारियों के लिए गैर-सार्वजनिक जानकारी अपने पास रखते हुए SGS, उसके ग्राहकों या तीसरे पक्ष द्वारा जारी किए गए शेयरों, विकल्पों और अन्य प्रतिभूतियों में ट्रेडिंग करना वर्जित है
- कर्मचारियों के लिए गोपनीय जानकारी का प्रकटीकरण करना या आतंरिक जानकारी के आधार पर तीसरे पक्ष को निवेश के बारे में सुझाव देना वर्जित है

## प्रतिबंध और व्यापार नियंत्रण

SGS, प्रतिबंधों और व्यापार नियंत्रणों के संबंध में लागू कानूनों का अनुपालन करती है। इस संबंध में:

- SGS कर्मचारियों का किसी भी तीसरे पक्ष के साथ व्यवसाय करना या प्रतिबंधों के अधीन किसी भी व्यावसायिक लेनदेन में शामिल होना वर्जित है
- SGS कर्मचारियों को लागू व्यापार नियंत्रण प्रतिबंधों का पालन करना होगा
- SGS कर्मचारियों को लागू प्रतिबंधों या व्यापार नियंत्रणों से बचने में किसी तीसरे पक्ष की सहायता करने से वर्जित किया गया है

## मनी लॉन्ड्रिंग और आपराधिक एवं आतंकवादी गतिविधियों को धन मुहैया कराना

SGS मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवादी या अन्य आपराधिक गतिविधियों को धन भेजना सुगम बनाने के किसी भी प्रयास से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है।

SGS कर्मचारियों को ऐसे किसी भी संदेह की रिपोर्ट करना जरूरी है जहां किसी लेनदेन या गतिविधि का उपयोग मनी लॉन्ड्रिंग या आतंकवादी या अन्य आपराधिक गतिविधियों को धन भेजने के साधन के रूप में किया जा रहा है और SGS इंटीग्रिटी हेल्पलाइन के माध्यम से मार्गदर्शन लेना आवश्यक है।



**When you need to be sure**

© SGS Société Générale de Surveillance SA. प्रकाशित मई 2024

SGS Headquarters
1 Place des Alpes
P.O. Box 2152
1211 Geneva 1
Switzerland

**sgs.com**